३९

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
सकारण आदेश

सकारण आदेश संख्या–14/अ0प्र0–13–86/2025 895 /पटना, दिनांक– 22.1.26

श्री मनोज कुमार, पिता–स्व0 सूर्य देव महतो, ग्राम–सरसौला खुर्द, पो0–शिवहर, थाना–शिवहर, जिला–शिवहर द्वारा शिवहर थाना कांड संख्या–223/14 दिनांक 30.11.2014 में उमेश कुमार पिता–श्री नारायण महतो, ग्राम–सरसौला खुर्द, पो0+थाना+जिला–शिवहर एवं अन्य के विरूद्ध सूचक है। प्रथम श्रेणी न्यायिक दण्डाधिकारी, शिवहर के न्यायालय का केश नं0– G.R-797/2014 है। उक्त मुकदमा में संवेदक उमेश कुमार पिता–श्री नारायण महतो, ग्राम–सरसौला खुर्द, पो0+थाना+जिला–शिवहर सजायाफ्ता व्यक्ति है, जो सजायाफ्ता होते हुए विभाग को धोखा देकर विभाग से निविदा प्राप्त करते है।

संवेदक उमेश कुमार (निबंधन संख्याः–1220180) के निबंधन को रद्द करते हुए संवेदक के विरूद्ध उचित कार्रवाई किये जाने हेतु दिनांक 23.05.2025 को परिवाद समर्पित किया गया।

उक्त परिवाद के आलोक में विभागीय पत्रांक 10720 दिनांक 10.10.2025 एवं 11506 दिनांक 13.11.2025 द्वारा कारण पृच्छा समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया था। संवेदक द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित करते हुए प्रतिवेदित किया गया कि विद्वान न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी द्वारा शिवहर थाना कांड संख्या–223/2014, दिनांक 30.11.2014 जिसका GR No.- 797/2014 तथा ट्रायल नं0–340/2017 है, के मामले में दिनांक 23.10.2024 को पारित आदेश के तहत क्रिमीनल अपील संख्या–7/2025 के माध्यम से विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिवहर के न्यायालय में चुनौती दी गयी है, जो विचाराधीन है के आधार पर स्पष्टीकरण से मुक्त करने हेतु अनुरोध किया गया।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरान्त विद्वान न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी द्वारा शिवहर थाना कांड संख्या–223/ 2014, दिनांक 30.11.2014 जिसका GR No.- 797/2014 तथा ट्रायल नं0–340/2017 है, के मामले में दिनांक 23.10.2024 को पारित आदेश के तहत संवेदक उमेश कुमार (निबंधन संख्याः–1220180) सजायफ्ता व्यक्ति होने के कारण बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 की कंडिका 11(क) (X) एवं कंडिका 11(ख) (ii) के आलोक में संवेदक संवेदक उमेश कुमार (निबंधन संख्याः–1220180) पिता–श्री नारायण महतो, ग्राम–सरसौला खुर्द, पो0+थाना+जिला–शिवहर के निबंधन संख्याः–1220180 को अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

21.01.26

(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

निबंधित

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–13–86/2025 895 /पटना, दिनांक– 22.1.26

प्रतिलिपि– संवेदक उमेश कुमार (निबंधन संख्याः–1220180) पिता–श्री नारायण महतो, ग्राम–सरसौला खुर्द, पो0+थाना+जिला–शिवहर, पिन कोडः–843329 को सूचनार्थ प्रेषित।

21.01.26

अभियंता प्रमुख

कृ0प0उ0

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–13–86/2025 895 /पटना, दिनांक– 22.1.26

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव/सचिव/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधान विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/ नगर विकास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/ सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियता/सभी कार्यपालक अभियंता/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21.01.26

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–13–86/2025 895 /पटना, दिनांक– 22.1.26

प्रतिलिपि– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

21.01.26

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–13–86/2025 895 /पटना, दिनांक– 22.1.26

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक/आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

website

21.01.26

अभियंता प्रमुख